HD-02

June - Examination 2019

B.A. Pt. I Examination

हिन्दी गद्य भाग–II (कथा साहित्य)

Paper - HD-02

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 70**

निर्देश : यह प्रश्न पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **7 × 2 = 14**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) आंचलिक कहानी धारा के प्रमुख कथाकार कौन हैं?

(ii) 'सुखदा' और 'कल्याणी' उपन्यास लेखक का नाम बताइए।

(iii) पूस की रात कहानी में प्रेमचन्द ने हलकू के चरित्र को किस रूप में प्रस्तुत किया है?

(iv) 'पुरस्कार' कहानी में मधुलिका के खेत को पुरस्कार स्वरूप क्या दिया गया?

(v) 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी के रचयिता कौन हैं?

(vi) 'चीफ की दावत' कहानी का उद्देश्य संक्षिप्त में लिखिए।

(vii) प्रेमचन्द के उपन्यास 'निर्मला की कोई दो सामाजिक समस्याएँ बताइए।

खण्ड – ब **4 × 7 = 28**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 7 अंकों का है।

2) निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
''पत्नी को हलका–सा झटका लगा, मातो माथे पर किसी ढीठ ततैया ने डंक मार दिया हो। क्षण भर के लिए वह तिलमिला उठी। फिर एक गहरा उच्छवास भरकर तिक्त वाणी में कहने लगी – 'इतनी दूर आने पर भी तुम्हारे मन में वही कसमसाहट टीस रही है? ऐसा ही स्नेह उमड़ रहा है तो वापस लौट जाओ। अभी तो कुछ नहीं बिगड़ा।

3) निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
देव। यह मेरे पितृ–पितामहों की भूमि है। इसे बेचना अपराध है, इसलिए मूल्य स्वीकार करना मेरी सामर्थ्य से बाहर है। महाराज के बोलने के पहले ही वृद्ध मन्त्री ने तीखे स्वर से कहा – अबोध। क्या बक रही है? राजकीय अनुग्रह का तिरस्कार। तेरी भूमि से चौगुना मूल्य है, फिर कोशल का तो यह सुनिश्चित राष्ट्रीय नियम है। इस धन से अपने को सुखी बना।

4) निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।
यह खेती का मजा है। और एक – एक भगवान ऐसे पड़े हो जिन के पास जाड़ा जाए तो गरमी से घबड़ा कर आगे। मोटे–मोटे गद्दे, लिहाफ, कम्बल, मजाल है, जाड़े का गुजर हो जाए। तकदीर की खूबी है। मजदूरी हम करें, मजा दूसरे लूटे।

5) पुरानी कहानी और नई कहानी में अन्तर को समझाइए।

6) उपन्यास के विविध प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

7) पत्नी कहानी के प्रमुख पात्र कौन–कौन हैं? उनके चरित्र का वर्णन कीजिए।

8) 'पुरस्कार' शीर्षक कहानी की सार्थकता बताते हुए, कहानी की संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

9) 'महाभोज' उपन्यास में चित्रित समसामायिक व्यस्स्था का उल्लेख कीजिए।

खण्ड – स **$2 \times 14 = 28$**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 14 अंकों का है।

10) 'उसने कहा था' कहानी के परिवेश को समझाते हुए लहनासिंह के चरित्र को उद्घाटित कीजिए।

11) 'नीलकान्त का सफर' कहानी का, कहानी के तत्वों के आधार पर विवेचन कीजिए।

12) 'वापसी' कहानी दो पीढ़ियों के संस्कारों के टकराव की कहानी है।' सोदाहरण विवेचन कीजिए।

13) किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए।

   (i) मधूलिका का चरित्र चित्रण

   (ii) 'आशा अमरधन' कहानी का परिवेश व संवेदना

   (iii) 'महाभोज' उपन्यास का कथानक

   (iv) समकालीन कहानी